# A.K.P DEGREE COLLEGE, KHURJA (BULANDSHAHR)

## *Alumni Meet*

## Timeless Bonds: AKP Chronicles

## साझा किया कल : ए.के.पी के अद्वितीय पल

APRIL

WEDNESDAY | 8 | AT 11:00 AM

2026

AKP Degree College's skill centre

श्रीमती एकता चौहान
संयोजिका
मो0:9690042940

प्रो. डिम्पल विज
संरक्षिका एवं
प्राचार्या

आज दिनांक 08/04/2026 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा में पुरातन छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डॉ राजेश, डॉक्टर साधना, श्रीमती नीलू सिंह तथा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डिंपल विज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती एकता चौहान ने बताया कि सत्र 2024-25 तथा 2025-26 का संयुक्त रूप से पुरातन छात्र सम्मेलन मनाया जा रहा है। जिसकी थीम "साझा किया कल : एकेपी के अद्वितीय पल" है। इसका उद्देश्य महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुकी छात्राओं को पुनः एकसूत्र में बांधकर उनकी उपलब्धियां को मंच प्रदान करना है तथा वर्तमान विद्यार्थियों को उनके अनुभवों से प्रेरणा दिलाना है। महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती नीलू सिंह ने बताया कि इस महाविद्यालय से उत्तीर्ण छात्राएं 1966 से लेकर अब तक विभिन्न पदों पर सेवाएं देती रही हैं। पुरातन छात्राओं के अनुभव और मार्गदर्शन से वर्तमान पीढ़ी को न सिर्फ शैक्षणिक ज्ञान बल्कि व्यवहारिक जीवन में भी दिशा प्राप्त होती है। सम्मेलन के दौरान पुरातन छात्र समिति का लोकतांत्रिक रूप से चुनाव कराया गया। इसके बाद समिति का औपचारिक पंजीकरण कराया जाएगा। जिससे समिति विधिक रूप से कार्य कर सके। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज ने कहा कि यह पुरातन छात्र सम्मेलन एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि महाविद्यालय और समाज के बीच एक दृढ़ सेतु स्थापित करने का प्रयास है। पूर्व छात्राओं की सहभागिता से महाविद्यालय को नई दिशा, संसाधन एवं पहचान मिलेगी। इससे छात्राओं को कैरियर, मार्गदर्शन व रोजगार के अवसर और नैतिक प्रेरणा प्राप्त होगी।

इस अवसर पर पुरातन छात्रा पूनम शर्मा ने स्वरचित कविता प्रस्तुत की। आस्था व छवि ने कल की स्मृतियों से परिपूर्ण गीत सुनाया। प्रियंका सोलंकी ने मनमोहन नृत्य प्रस्तुति दी। शिक्षिका नीलम ने नारीवाद पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की।

श्रीमती एकता चौहान
प्रभारी
पुरातन छात्रा सम्मेलन

प्रो० डिम्पल विज
प्राचार्या / संरक्षक

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

# कालेज की पुरानी यादों को किया साझा

संवाद सहयोगी, जागरण खुर्जाः एकेपी डिग्री कालेज में बुधवार को पुरातन छात्रा सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। "एकेपी के अद्वितीय पल" थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में पूर्व छात्राओं ने कालेज के दिनों की यादों को ताजा किया और वर्तमान छात्राओं के साथ अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. राजेश, डा. साधना, नीलू सिंह और प्राचार्या प्रोफेसर डिंपल विज ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजिका एकता चौहान ने बताया कि इस बार सत्र 2024-25 और 2025-26 का संयुक्त सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य पूर्व छात्राओं को एक मंच प्रदान करना है। महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका नीलू सिंह ने बताया कि वर्ष 1966 से अब तक की छात्राएं विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं। पुरातन छात्र समिति का लोकतांत्रिक चुनाव भी संपन्न हुआ।

प्राचार्या प्रोफेसर डिंपल विज ने कहा कि यह सम्मेलन कालेज और समाज के बीच एक मजबूत सेतु है। जल्द ही पुरातन छात्र -समिति का औपचारिक पंजीकरण कराया जाएगा। सम्मेलन में प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।



एकेपीपीजी कालेज में कार्यक्रम को संबोधित करती प्रो. एकता चौहान • सौ. कालेज

## डीपीबीएस कालेज में धर्मेंद्र बने मिस्टर, दिव्या मिस फ्रेशर

संवाद सूत्र, जागरण अनूपशहरः डीपीबीएस कालेज में फ्रेशर एवं फेयरवेल कार्यक्रम में प्राचार्य ने महाविद्यालय शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम बताया। बुधवार को डीपीबीएस कालेज में आयोजित फ्रेशर एवं फेयरवेल कार्यक्रम में धर्मेन्द्र शर्मा मिस्टर फ्रेशर, दिव्या मिस फ्रेशर, मिस्टर फेयरवेल मधुर कुमार एवं मिस फेयरवेल शाल्वी गौड़ को चुना गया। छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुति देकर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत, कविता एवं नाटक की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। प्राचार्य प्रो. जीके सिंह ने उत्साहवर्धन किया। प्रो. पीके त्यागी, प्रो चंदावती, प्रो. ऋषि कुमार अग्रवाल, यजुवेन्द्र सिंह रहे।

→ दैनिक जागरण
Page No-04
09/04/2026

# पुरातन छात्रा सम्मेलन में अपने अनुभव साझा किए



खुर्जा के एकेपी डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम में मंचासीन।

खुर्जा,संवाददाता। एकेपी डिग्री कालेज में बुधवार को पुरातन छात्रा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। एकेपी के अद्वितीय पल थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में पुरानी छात्राओं ने वर्तमान छात्राओं के साथ अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. राजेश, डा. साधना, नीलू सिंह और प्राचार्या प्रोफेसर डिंपल विज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजिका एकता चौहान ने बताया कि इस बार सत्र 2024-25 और 2025-26 का संयुक्त सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्राओं को एक सूत्र में बांधकर उन्हें अपनी उपलब्धियां साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना रहा। महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका नीलू सिंह ने बताया कि वर्ष 1966 से अब तक यहां की छात्राएं विभिन्न उच्च पदों पर सेवाएं दे रही हैं।

↓

हिन्दुस्तान
Page No-04
09/04/2026

## पूर्व छात्राओं ने साझा किए अनुभव

खुर्जा। एकेपी डिग्री कॉलेज में बुधवार को पुरातन छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें पुरा छात्राओं ने कॉलेज से जुड़ी यादों को साझा किया। अपने पुराने कॉलेज, शिक्षक और साथियों से मिलकर पुरा छात्राएं भावुक भी हो गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. राजेश, डॉ. साधना, नीलू सिंह और प्राचार्या प्रो. डिंपल विज ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम संयोजिका एकता चौहान ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पुरा छात्राओं को एक सूत्र में बांधकर उन्हें अपनी उपलब्धियां साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। पूनम शर्मा ने अपनी स्वरचित कविता से सभी को भावुक कर दिया। संवाद

↓

अमर उजाला
Page No-04
09/04/2026

पुरातन छात्रा सम्मेलन
8 अप्रैल 2026



Principal
A.K.P. Degree College
Khuria